# हरिभूमि हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शनिवार 30 मई 2026



11 डाटा-मसूदपुर के ग्रामीणों का फूटा गुस्सा बिजली घर...





12 मालिक को बुलाकर 15 दिन के अंदर समाधान...




## खबर संक्षेप

### इंटीग्रेटेड बीकॉम-एमकॉम व एमकॉम में दाखिले शुरू

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग में एमकॉम व इंटीग्रेटेड बीकॉम-एमकॉम कोर्सिज में दाखिला प्रक्रिया जारी है। इन कोर्सिज में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि एक जून है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय के कोर्सों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत कई नए बदलाव लागू किए जा रहे हैं। विभाग अब विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक शिक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें इंडस्ट्री से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विभागाध्यक्ष डा. निधि तुरान ने बताया कि कॉमर्स विभाग में इंटीग्रेटेड बीकॉम-एमकॉम में 120 सीटें निर्धारित हैं। एमकॉम कोर्स में कुल 60 सीटें उपलब्ध हैं।

### 1136 वाहनों की चेकिंग कर 368 पर की कार्रवाई

**हिसार।** जिला में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा दिन-रात्रि के समय विशेष गश्त अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हिसार पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कुल 1136 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 368 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई, 14 कार्रवाई बिना नंबर प्लेट, 05 ट्रिपल राइडिंग, 83 लाइन चेंज की कार्रवाई शामिल है।

### 15 गुमशुदा मोबाइल मालिकों को लौटाए

**हिसार।** जिला पुलिस की साइबर सुरक्षा शाखा ने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों तक पहुंचाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। साइबर सुरक्षा शाखा ने मई माह के तीसरे सप्ताह के दौरान प्राप्त मोबाइल गुमशुदगी की 15 शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान करते हुए लाखों रुपये कीमत के 15 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने अपने कार्यालय में मोबाइल फोन के असली मालिकों को बुलाकर उन्हें उनके मोबाइल फोन सुपुर्द किए। लंबे समय बाद अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस एवं साइबर सुरक्षा शाखा का धन्यवाद किया।

महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष फोकस

# हिसार-हांसी में सशक्त परिवार क्लीनिक शुरू

**हिसार में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने 3 हेल्थ सब सेंटरों का भी किया शुभारंभ, अमृत फार्मेसी व मिल्क पार्लर का भी शिलान्यास**

**अमृत फार्मेसी में उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक और ब्रांडेड दवाइयां, इम्प्लांट्स व आवश्यक उपकरण रियायती दरों पर मिलेंगे, मिल्क पार्लर पर 24 घंटे मिलेगी पौष्टिक खान-पान की सुविधा**

**हांसी में विधायक विनोद भयाना ने महिला क्लीनिक के साथ शुरू की टेली ईसीजी सेवा अमृत फार्मेसी की आधारशिला भी रखी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर में विभिन्न नई स्वास्थ्य सेवाओं का शुभारंभ एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व विधायक अनूप धानक आदि उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने सशक्त परिवार क्लीनिक, तीन हेल्थ सब सेंटर के शुभारंभ सहित अमृत फार्मेसी व मिल्क पार्लर का शिलान्यास किया। हेल्थ सब सेंटर असरावां, मोडाखेड़ा एवं जाखोद खेड़ा में आरंभ किए गए हैं। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार क्लीनिक महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यहां किशोरियों एवं महिलाओं को पोषण, गर्भावस्था देखभाल तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं काउंसलिंग सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। सिविल अस्पताल परिसर में स्थापित की जा रही अमृत फार्मेसी में मरीजों को उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक एवं ब्रांडेड दवाइयां, इम्प्लांट्स एवं आवश्यक उपकरण रियायती दरों पर उपलब्ध करवाए जाएंगे। वहीं मिल्क पार्लर के माध्यम से मरीजों एवं उनके परिजनों को 24 घंटे पौष्टिक खान-पान की सुविधा मिलेगी। दोनों सेवाएं सप्ताह के सातों दिन निरंतर संचालित रहेंगी।



हिसार। नागरिक अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं का लोकार्पण करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, साथ हैं विधायक रणधीर पनिहार।

### सरकार स्थापित कर रही नए आयाम

विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है। प्रदेश सरकार आमजन को आधुनिक, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, संजीव रेवड़ी, अजय जांगड़ा, अभिषेक शर्मा, उप सिविल सर्जन डॉ. सुभाष खतरेजा, डॉ. तरुण, डॉ. प्रभुदयाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बिजली ने डाला खलल: फोन की रोशनी में किया संबोधित

जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान बिजली गुल होने से खलल पड़ गया। कार्यक्रम के दौरान दो बार बिजली गुल हुई। जैसे ही सीएमओ डॉ. सपना गहलावत वेलकम स्पीच शुरू की तो बत्ती गुल हो गई। इस दौरान करीब ढाई मिनट लंबा कट लग गया। सीएमओ ने मोबाइल की फ्लैश लाइट में अपना संबोधन पूरा किया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा अपना भाषण दे रहे थे तो फिर से कुछ सेकंड के लिए दोबारा बिजली गुल हो गई। नागरिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में बिजली गुल होने से स्थिति असहज बन गई। उधर, बिजली निगम के एसई एफआर नकवी ने कहा कि इस मामले में निगम की कोई गलती नहीं है। नागरिक अस्पताल में ही फॉल्ट आ गया था जिसके कारण लाइट चली गई थी। वहां मौजूद कर्मचारियों ने फॉल्ट ठीक कर दिया है। मैंने इस संबंध में रिपोर्ट ली है।



### हृदय रोगियों की होगी तेजी से जांच: भयाना

**हांसी।** राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सुलभ बनाने की दिशा में शुक्रवार को हांसी के नागरिक अस्पताल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक विनोद भयाना ने स्वस्थ महिला सशक्त परिवार महिला क्लीनिक और टेली ईसीजी सेवा का शुभारंभ किया। साथ ही अमृत फार्मेसी स्टोर की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में विधायक विनोद भयाना ने टेली ईसीजी सेवा को स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस सेवा से हृदय रोग से जुड़े मरीजों की जांच तेजी से हो सकेगी। दूरस्थ विशेषज्ञ चिकित्सकों से तुरंत रिपोर्ट एवं परामर्श मिलने से गंभीर हालत में भी मरीजों को समय पर उपचार मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि अमृत फार्मेसी स्टोर शुरू होने से आमजन को बाजार दरों से सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयां मिलेंगी। कार्यक्रम के बाद विधायक विनोद भयाना, डीसी राहुल नरवाल व सीटीएम हिमांशु चौहान ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी ली। विधायक ने कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर डीसी राहुल नरवाल, सीटीएम हिमांशु चौहान, तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार बिढान, सीएमओ डॉ. राहुल बुद्धि राजा, एसएमओ डॉ. राजीव डाबला, विधायक के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी, डॉ. मेघना, डॉ. कामिद मोगा, डॉ. सुरेंद्र सरोहा, डॉ. मोना दुआ, डॉ. मोनिका शर्मा सहित कई अधिकारी व चिकित्सक तथा शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू

**टीम दो हफ्ते तक क्षेत्रों में जांचेगी व्यवस्थाएं**

# निगम अफसरों का इम्तिहान शुरू सफाई कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

**बिना सूचना के रिहायशी क्षेत्रों सार्वजनिक शौचालयों, कमर्शियल मार्केट व डंपिंग पॉइंट का निरीक्षण करेगी टीम**

**वार्ड 19-20, जिंदल ज्ञान केंद्र, एमसी ऑफिस, सातरोड, सुंदर नगर, ऋषि नगर, धोबीघाट, सेक्टर-14 व साकेत कॉलोनी आजाद नगर का लिया जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नेशनल टीम के हिसार पहुंचने के साथ ही नगर निगम का इम्तिहान शुरू हो गया है। टीम को लगभग दो सप्ताह तक यहां रुकना है। शहर को स्वच्छता में अव्वल लाकर अधिक अंक लेने के लिए नगर निगम ने एड़ी-चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है लेकिन पिछले दिनों सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से फैली गंदगी से निगम अधिकारी घबराए हुए हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण नेशनल टीम ने सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। टीम ने शुक्रवार को सफाई समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सर्वेक्षण के दौरान टीम सार्वजनिक स्थानों की सफाई, शौचालयों की दशा, एसटीपी सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेगी और उसी हिसाब से निगम को सर्वेक्षण में नंबर मिलेंगे। अपने प्रयासों का ब्यौरा रखते हुए निगम अधिकारी भी टीम को बताएंगे कि शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए धरातल पर क्या काम हुए हैं। इन्हीं दावों के आधार पर वें टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों का गुप्त और जमीनी निरीक्षण करेगी।



हिसार। शहर में व्यवस्थाओं का जायजा लेती स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम।

### निगमायुक्त ने बैठक लेकर दिए निर्देश

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की टीम के पहुंचने व सर्वेक्षण को देखते हुए निगम के मुख्य सभागार में निगमायुक्त नीरज की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में स्वच्छता को लेकर किए गए तथा वर्तमान में चल रहे कार्यों को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करना रहा ताकि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर सके। बैठक में अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई तथा विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, कार्यकारी अभियंता अमित कौशिक, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण से जुड़ी दोनों एजेंसियों के प्रतिनिधि, स्वच्छता सर्वेक्षण टीम के सदस्य, जेई, एएसआई, सीटीएल प्रदीप जाखड़ तथा तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू आदि मौजूद रहे।

## सफाई व अन्य व्यवस्थाओं पर आम जनता से भी फीडबैक लेगी टीम

### निर्देश : लापरवाही न बरतें कर्मचारी

सेनिटेशन से जुड़े सभी स्टाफ व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे काम में लापरवाही न बरतें व कोई अवकाश न लें। मुख्य सफाई एजेंसी ने शहर के प्रमुख रिहायशी और व्यावसायिक इलाकों में ताकत झोंक दी है। सेक्टर 1-4, सेक्टर 3-5, सेक्टर 14 पार्ट-2, सेक्टर 33 व शहर की मुख्य कमर्शियल मार्केट में सफाई का विशेष जिम्मा एजेंसी को सौंपा है। इन सेक्टरों की सूरत बदलने के लिए 250 से अधिक अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों टीम मैदान में उतारी है। एजेंसी का अब मैकेनाइज्ड और मैन्युअल रोड स्वीपिंग (सड़कों की सफाई) के साथ डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन पर फोकस है।

### निगरानी : अफसर ले रहे जायजा

सर्वेक्षण टीम के पहुंचने के साथ ही निगम अधिकारी भी एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं। अधिकारियों ने चेताया है कि सर्वे के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी सेक्टर्स और बाजारों में एजेंसी के काम की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और कोई कमी दिखाई देने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के निर्देश देकर उसे दूर करवाया जा रहा है।

### लक्ष्य: स्वच्छ बनाना है शहर

निगमायुक्त नीरज ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने का अभियान है। पिछले एक वर्ष के दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता को लेकर कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं, जिनमें डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, वॉल पेंटिंग, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, कचरे के उचित निस्तारण और जागरूकता अभियानों जैसे कार्य शामिल हैं।

# बारिश से पारा 6.5° लुढ़का पेड़-खंभे टूटे, बिजली गुल




**हिसार।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते हिसार व आसपास के क्षेत्रों में मौसम में आए बदलाव के कारण अधिकतम तापमान में भारी गिरावट आई है। गुरुवार को शहर का अधिकतम पारा 44.2 डिग्री सेल्सियस था, जोकि हल्की बारिश के बाद शुक्रवार को 6.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे लुढ़ककर 37.7 पर पहुंच गया। यह सामान्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस कम है। रात्रि पारे में भी गिरावट दर्ज की गई है। रात्रि पारा 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि सामान्य से 2.2 कम है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिला है। इस मौसम प्रणाली का असर हरियाणा पर 30-31 मई और 1 जून को भी रहेगा। उसके बाद 2 जून को रात्रि में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा में 3 से 5 जून के दौरान मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। कुल मिलाकर जून की शुरुआत में लगातार मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा।

### खेदड़ गांव में किसान की टूटी सौर ऊर्जा प्लेटें

बारिश और तेज आंधी से खेदड़ में किसान सत्यवान की सौर ऊर्जा प्लेटें उखड़कर टूट गई। सत्यवान समेत अनेक ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित किसानों और मजदूरों को उचित मुआवजा दिया जाए।

### स्कूल का शेड टूटा

**उकलाना।** तेज आंधी-तूफान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौलतपुरके परिसर में लगा शेड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। विद्यालय परिसर में खड़ा एक नीम का पेड़ तेज हवा के चलते शेड के ऊपर गिर पड़ा, जिससे स्कूल की बिजली व्यवस्था भी ठप हो गई। विद्यालय प्रबंधन समिति की एक विशेष बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए शिक्षा विभाग को तुरंत पत्र भेजकर क्षतिग्रस्त शेड और बिजली व्यवस्था को जल्द ठीक करवाने की मांग की गई।

# बार प्रधान के लिए होगा त्रिकोणीय मुकाबला



हिसार। उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी करते चुनाव अधिकारी एवं सहायक चुनाव अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

- बार एसोसिएशन चुनाव के लिए किसी ने नहीं लिया नाम वापस
- चुनाव अधिकारी ने जारी की सभी फ़ाइनल 17 उम्मीदवारों की लिस्ट
- 2763 अधिवक्ता लिखेंगे 17 प्रत्याशियों की तकदीर, मतदान 12 को

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन हिसार के चुनाव कार्यालय में उम्मीदवारों द्वारा अपना नामांकन वापिस लेने के लिए सुबह 11 बजे से 2 बजे तक का समय दिया गया था। इस दौरान किसी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापिस नहीं लिया। चुनाव अधिकारी दलीप जाखड़ के अनुसार निर्धारित समय के अंतिम समय तक इंतजार करने के बाद बार एसोसिएशन के सालाना चुनाव के लिए अंतिम उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी गई है। जिसमें विभिन्न पदों के लिए कुल 17 नाम है। जिसमें प्रधान पद के लिए मोहित अरोड़ा, ओम नारायण कौशिक व प्रदीप सिंह बाजिया, उपप्रधान पद के लिए अश्वनी कुमार आर्यन, भागीरथ सिंह लदोइया, राहुल सिंह व श्वेता शर्मा, सचिव पद के लिए मोहित चौधरी, राजबीर सिंह भट्टी, रामनिवास चौधरी पायल व समीर सिहाग का नाम शामिल है। इसके अलावा सहसचिव पद के लिए जगरूप सिंह विर्क, करण छाबड़ा व साहिल मदेरणा तथा महिला आरक्षित कोषाध्यक्ष पद के लिए आशा रानी बाल्यान, गरिमा जैन व पूजा गिरी के नाम आए है। मतदान 12 जून को होगा। जिसमें 2763 अधिवक्ता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मतदाता सूची में 517 महिला एवं 2246 पुरुष अधिवक्ता अपना मतदान करेंगे। मतदान बार एसोसिएशन के बार रूम में होंगे, जिसका समय सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक रहेगा, मतदान के तुरंत बाद चुनाव कार्यालय मतगणना होगी द्वारा चुनाव का परिणाम घोषित किया जाएगा।






# आजकल बच्चों वाली फिल्में कम बनती हैं : जैकी

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो - एलियंस का आगमन'को लेकर चर्चाओं में हैं। जैकी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह बच्चों के लिए बनी एक फन लविंग फिल्म है। इस बीच जैकी श्रॉफ ने कहा कि यह शैली उनके दिल के बेहद करीब है, क्योंकि यह मेनस्ट्रीम सिनेमा से गायब एक खास पहलू को छूती है। एक बातचीत के दौरान जैकी श्रॉफ ने फिल्म को लेकर कहा कि आजकल बच्चों की फिल्में बहुत कम बनती हैं और अगर कोई फिल्म बच्चों, उनके सपनों, उनकी मासूमियत के बारे में हो तो मुझे उसे पर्दे पर उतारना अच्छा लगता है। फिल्मों में हमें ये सब देखने को नहीं मिलता। मैं हर तरह की फिल्में करता हूं, लेकिन यह शैली मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि हम सभी के अंदर एक बच्चा छिपा होता है। बचपन में अथर्ववेद, आयुर्वेद, ऋग्वेद पढ़ने के बजाय, हम 'जैक एंड जिल वेंट अप द हिल', 'रिंग-ए-रिंग-ए-रोजेज' और 'अलादीन' पढ़ते थे। हम उन चीजों के बारे में नहीं सीख रहे हैं जो वास्तव में भारतीय हैं। मुझे लगता है कि ये वो चीजें हैं, जो हमने बचपन में खो दीं।

लाइफ Style



# कियारा 'किसी से हाय-हेलो मत करना'

एक्टर यश और कियारा आडवाणी जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स'में नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इस फिल्म के अनुभव के बारे में खुलकर बात की। एक इंटरव्यू में कियारा ने बताया कि फिल्म की डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने उनसे सेट पर एक खास बात के लिए कहा था। उन्होंने कहा, 'गीतू ने मुझसे कहा कि जब तुम कल सेट पर आओ, तो मैं चाहती हूं कि तुम अपने किरदार में ही रहो।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं आमतौर पर सेट पर जाते ही सबसे हाय, हेलो, गुड मॉर्निंग कहती हूं, मैं वैसी ही इंसान हूं। लेकिन, उन्होंने मुझसे साफ कहा कि मुझे कोई फॉर्मेलिटी नहीं चाहिए। मैं चाहती हूं कि तुम सीधे अपने किरदार के जोन में आओ। किसी से 'हाय-हेलो'मत करना, अपनी टीम से भी नहीं, बस पूरे दिन उसी जोन में रहना।' कियारा आडवाणी ने यह भी माना कि इस फिल्म पर काम करना उनके लिए काफी 'चैलेंजिंगरहा, क्योंकि उन्हें कन्नड़ भाषा में भी शूट करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'कन्नड़ में काम करना मेरे लिए नया अनुभव था। मैं कहूंगी कि 'टॉक्सिक'मेरे लिए इसलिए भी मुश्किल रही क्योंकि पहली बार हमने एक ही सीन को अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों में शूट किया। पहले हम उस सीन को अंग्रेजी में करते थे, जब तक परफेक्ट टेक नहीं मिल जाता। उसके बाद उसी सीन को कन्नड़ में शूट करते थे।' कियारा ने आगे बताया, 'मेरे लिए कन्नड़ मेरी भाषा नहीं है, इसलिए मुझे अपने डायलॉग्स एक रात पहले ही रटने पड़ते थे।'बता दें कि केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' में यश, नयनतारा, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 4 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक बार फिर टाल दिया गया है। फिलहाल फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# जॉन रैम्बो में मुख्य भूमिका निभाएंगे नोआ

**लॉस एंजिल्स।** सिल्वेस्टर स्टेलोन की मशहूर फिल्म रैम्बो सीरीज की अगली फिल्म जॉन रैम्बो जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शुक्रवार को निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन नहीं, बल्कि नोआ सेंटिनियो मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'जॉन रैम्बो' फिल्म 'रैम्बो' के शुरुआती दिनों की कहानी दिखाएगी, जो 1982 में आई इस सीरीज की पहली फिल्म 'फर्स्ट ब्लड' से भी पहले के समय पर आधारित है। 'जॉन रैम्बो' 4 जून, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका नोआ सेंटिनियो निभाएंगे। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन की जगह अब नोआ सेंटिनियो मुख्य किरदार 'जॉनी रैम्बो' के रूप में नजर आएंगे। इस फिल्म में डेविड हार्बर 'मेजर ट्रॉटमैन' की भूमिका निभाएंगे। उनके साथ जेम्स फ्रैंको, जेसन टोबिन और क्विंसी यशायाह जैसे कई बाकी कलाकार भी अहम रोल में दिखेंगे।



# तलाक के बाद जेनिफर ने हटवाया बेन का टैटू

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज की एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। जिसके बाद से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि उन्होंने अपने एक्स-हसबैंड बेन एफ्लेक के नाम वाला टैटू कवर कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर ने मेमोरियल डे के मौके पर अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज का दिन मैं अपने करीबियों के साथ बिता रही हूं। सभी को हैप्पी मेमोरियल डे।'इन तस्वीरों में से एक में वह अपने बेटे मैक्सिमिलियन 'मैक्स'मुनिज के साथ नजर आईं, जो उनके और उनके एक्स-हसबैंड मार्क एंथनी के बेटे हैं। इस फैमिली गैदरिंग के दौरान जेनिफर ने बैकलेस ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें उनका टैटू साफ दिखाई दे रहा था। पहले इस टैटू में एक इन्फिनिटी साइन था, जिसमें जेनिफर और बेन दोनों के नाम लिखे थे और उसके ऊपर एक एरो बना था। लेकिन, अब जो तस्वीर सामने आई है, उसमें जेनिफर नाम तो दिख रहा है, लेकिन बेन का नाम कवर किया हुआ नजर आ रहा है। जेनिफर ने यह टैटू फरवरी 2023 में वैलेंटाइन डे के मौके पर दिखाया था, जब वह और बेन एफ्लेक शादी के बाद अपना पहला वैलेंटाइन मना रहे थे। उस समय उन्होंने लिखा था, 'कमिटमेंट... हैप्पी वैलेंटाइंस डे माय लव।



# पिरामिड स्कीम का ट्रेलर रिलीज नए अंदाज में दिखे शेखर

**नई दिल्ली।** सीरीज 'द पिरामिड स्कीम' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। सीरीज के ट्रेलर में बिजनेस के जरिए अपने सपनों और कामयाबी हासिल करने की ख्वाहिश लिए कुछ किरदार नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में करोड़पति बनने के रास्ते में आने वाले उतार-चढ़ावों को मजाकिया अंदाज में दिखाया गया है। कभी न कभी नेटवर्क मार्केटिंग से सभी का सामना होता है। कोई मजबूरी में इस काम से जुड़ता है तो कोई इसकी चकाचौंध देख कर। ट्रेलर में एक लड़का दिखाया गया है, जो पिता से अपने बिजनेस के लिए पैसे मांग रहा है। मगर पिता दे नहीं रहे हैं। इस लड़के के अलावा सीरीज में एक बिजनेसमैन भी है, जो नेटवर्क मार्केटिंग के बिजनेस के सपने लोगों को दिखाता है। अभिनेता शेखर सुमन को आखिरी बार सीरीज 'हीरामंडी' में देखा गया था। इसके बाद अब वो 'द पिरामिड स्कीम' सीरीज में दिखाई देंगे।



# अली स्टारर राख की रिलीज डेट आई सामने

**मुंबई।** अली फजल और सोनाली बेंद्रे स्टारर आगामी इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर सीरीज 'राख'की रिलीज डेट अब सामने आ गई है। मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया पर सीरीज से अली फजल का एक पोस्टर साझा किया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। पोस्टर में अली फजल पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। उनके सामने एक लाश जैसी पड़ी मालूम हो रही। अली काफी इंटेंस और परेशान नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'दबे हुए सच हमेशा अपना रास्ता खोज ही लेते हैं।' राख 12 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। राख एक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा सीरीज है, जो अपराधी की मानसिकता और आम जिंदगी के पीछे छिपे डार्कनेस को दिखाती है। जब दो लड़के अचानक गायब हो जाते हैं, तो एक खुशहाल परिवार टूट जाता है और पूरा शहर दहशत में आ जाता है।

## टीवी मसाला



# अगर आप कोई स्टार नहीं हैं तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस और इंटरनेट पर्सनैलिटी उर्फी जावेद अक्सर अजीब ड्रेस पहनने को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने मुश्किल सफर के बारे में बात की है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया से उनकी जिंदगी बदलने से पहले, उनके टेलीविजन के दिन कितने मुश्किल थे। सोहा अली खान के पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान, उर्फी ने बताया मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने हमेशा एक स्टार बनने और मुंबई में एक आरामदायक जिंदगी जीने का सपना देखा था। उन्होंने बताया कि वह अपने जालिम पिता से बचने के लिए घर से भाग गई थीं। उर्फी ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि इंडस्ट्री में बिना किसी जान-पहचान के मौके मिलना बहुत मुश्किल है। इसके बाद उन्होंने यह सोचकर टेलीविजन का रुख किया, कि वहां काम मिलना शायद आसान होगा। हालांकि ऐसा नहीं था। टीवी में उन्हें अक्सर साइड रोल ही मिले। टेलीविजन इंडस्ट्री में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उर्फी ने कहा, 'अगर आप कोई स्टार नहीं हैं या लीड रोल में नहीं हैं, तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता। अगर आप कोई साइड कैरेक्टर हैं, तो आपके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता।'

## अर्चना ने समीरा के बगीचे से तोड़े काजू

**नई दिल्ली।** समीरा रेड्डी उन फिल्मी सितारों में से एक हैं जो मुंबई की चकाचौंध से दूर गोवा में सुकून भरी जिंदगी जीने में यकीन करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह अपने परिवार के साथ समीरा रेड्डी के घर घूमने पहुंचीं। इस दौरान अर्चना ने पहली बार अपने हाथ से काजू तोड़े जिसे संभालकर रखने की बात करती दिखीं। अर्चना पूरन सिंह ने समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में अर्चना समीरा के गार्डन से ऑर्गैनिक रियल काजू तोड़कर बेहद खुश नजर आ रही हैं। वो कह रही हैं कि ये काजू वो हमेशा अपने साथ एक याद के तौर पर रखेंगी। वीडियो में अर्चना अपने परिवार के साथ समीरा के गार्डन में दिख रही हैं। शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि अर्चना पूरन सिंह पूरे परिवार के साथ समीरा के बगीचे में काजू का फल तोड़ती हैं जबकि समीरा उन्हें इस मजेदार अनुभव के बारे में बताती हैं। वहीं, अर्चना कहती हैं कि इसे वो खास याद के तौर पर रखेंगी। उसी बीच अर्चना के पति परमीत सेठी याद दिलाते हैं कि भारती सिंह के बेटे का नाम भी काजू है। इस वीडियो में अर्चना और परमीत के बेटे आर्यमन सेठी और आयुष्मान सेठी भी नेचर का लुत्फ उठाते दिखाई दे रहे हैं।



# सलमान ने खास दोस्तों को दिखाई मातृभूमि की झलक

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में सलमान ने अपनी फिल्म 'मातृभूमि' का रफ कट वर्जन कई निर्देशकों को एक साथ दिखाया। जिसकी एक खास झलक सुभाष घई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर इस शाम की एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में सलमान खान के साथ सूरज बड़जात्या, डेविड धवन, कबीर खान, रूमी जाफरी, रितेश देशमुख, चित्रांगदा सिंह, सिद्धार्थ रॉय कपूर और अपूर्व लाखिया जैसे कई बड़े सितारे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सलमान खान काले कपड़ों में और चित्रांगदा सिंह सफेद कपड़ों में बेहद सुंदर लग रही थीं। फोटो शेयर करते हुए सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज अपने पसंदीदा निर्देशकों को एक साथ देखना बहुत अच्छा लगा। हम सब अपूर्व लाखिया की फिल्म 'मातृभूमि' को देखने आए थे। इस फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म गलवां सीमा पर भारत और चीन के सैनिकों की एक भावुक कहानी पर आधारित है, जो दोनों देशों के सैनिकों की अपने परिवार और देश के प्रति भावनाओं को दिखाती है। फिल्म का मुख्य संदेश शांति और सम्मान है।' इसी के साथ सुभाष ने सलमान का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, 'सलमान, हमें बुलाने के लिए शुक्रिया। हम फिल्म की बड़ी सफलता की कामना करते हैं।' सलमान खान का इस स्क्रीनिंग में आए सभी निर्देशकों के साथ बहुत पुराना और गहरा रिश्ता है।



# जून में रिलीज होंगी ये हिंदी फिल्में

**नई दिल्ली।** जून का महीना सिनेमा लवर्स के लिए खास रहने वाला है। ओटीटी पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इसके अलावा, सिनेमाघरों में भी कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज हो रही हैं। जून के महीने में हिंदी, इंग्लिश और भारत की क्षेत्रीय भाषाओं को मिलाकर 20 से ज्यादा फिल्में सिनेमाघरों में जून में रिलीज होंगी। हम आपको उन फिल्मों के नाम बता रहे हैं जो हिंदी भाषा में रिलीज होंगी। 10 हिंदी फिल्में जून के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं।

**पेड्डी :** ये एक तेलुगु भाषा की फिल्म है जिसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म में राम चरण, जाह्नवी कपूर, विजय सेतुपति, दिव्येन्दु और शिव राजकुमार जैसे कलाकार नजर आनेवाले हैं। फिल्म को बुची बाबू सना ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा, रिलीज डेटः 4 जून।

## 12 जून को 4 फिल्मों का होगा क्लैश



**गवर्नर :** इस फिल्म में मनोज बाजपेयी, अदा शर्मा और मधु शाह जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म को चिनमय मंडलेकर ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः पीरियोडिक थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**मैं वापस आउंगा :** फिल्म को इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, शारवरी वाघ, नसीरुद्दीन शाह और वेदांग रैना जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, रिलीज डेटः 12 जून। भारत भाग्य विधाता। कंगना रनौत और गिरिजा ओक जैसे कलाकार इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म को मनोज तापड़िया ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित फिल्म होगी। जॉनरः ड्रामा थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**है जवानी तो इश्क होना है :** वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े की इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। वरुण धवन ने फिल्म में जस का किरदार निभाया है। इस फिल्म में सलमान खान के चुनरी-चुनरी गाने का

**बंदर :** इस डार्क क्राइम थ्रिलर को अनुराग कश्यप ने डायरेक्ट किया है। बॉबी देओल इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। बॉबी देओल के साथ फिल्म में सान्या मल्होत्रा और सबा आजाद जैसे कलाकार नजर आएंगे। **जॉनरः** डार्क क्राइम थ्रिलर, रिलीज डेटः 5 जून।

**हॉंटेड थ्रीडीः** ईकोज ऑफ द पास्ट : विक्रम भट्ट ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। ये फिल्म साल 2011 में आई फिल्म हॉंटेड थ्रीडी का सीक्वल है। इस फिल्म में महाक्षय चक्रवर्ती, चेतना पांडे, श्रुति प्रकाश और हेमंत पांडे जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः हॉरर, रिलीज डेटः 12 जून।

## 7 पतियों की मौत, मिला ये कल्ट गाना, दिलचस्प है इस गाने की कहानी

# 166 साल पुराने रूसी लोकगीत पर बना ये हिंदी सॉन्ग, ऊषा ने दी आवाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा में ऐसे कई सिंगर्स हैं, जिनके काम को खूब पसंद किया और जिन्होंने सालों तक काम किया। लेकिन, उनके काम को वो पहचान नहीं मिली, जिसके वह हकदार थे। ऐसा ही बॉलीवुड की एक सिंगर के साथ हुआ, जब उन्होंने एक ऐसे गाने को बनाया जिसने उन्हें उनके करीब 40 साल के कॅरियर में पहली बार उन्हें अवॉर्ड दिलाया था और यह सब उनके एक गाने की वजह से हुआ था और आज उसी कल्ट गाने की कहानी जानते हैं।

### कौन सा है वो गाना?

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर ऊषा उत्थुप ने सिनेमा में कई यादगार गाने दिए, लेकिन उन गानों के लिए उन्हें कभी वो सराहना या बड़े सम्मान नहीं दिए गए। फिर साल 2011 में ऊषा उत्थुप को एक फिल्म का ऑफर आया और इस फिल्म का नाम था '7 खून माफ' । यह वही फिल्म है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म में ऊषा ने मैगी का किरदार निभाया। इसी फिल्म में एक गाना था, जिसका नाम था 'डार्लिंग' इस गाने को ऊषा ने ही अपनी आवाज दी थी और उनके साथ रेखा भारद्वाज ने भी इस गाने को गाया था।



### इस गाने के लिए अवॉर्ड मिला

*इस गाने के लिए ऊषा उत्थुप को अवॉर्ड भी मिला और ये उनके जीवन के एक बड़ी उपलब्धि थी। आमतौर पर बॉलीवुड में विदेशी धुनों को बिना बताए कॉपी कर लिया जाता है, लेकिन विशाल भारद्वाज ने फिल्म की एल्बम और क्रेडिट रोल्स में आधिकारिक तौर पर 'कालिन्का' और उसके रूसी ओरिजिन को पूरा क्रेडिट दिया है। इसीलिए आज भी यह गाना उतना ही हिट है और लोग इस पर खूब थिरकते हैं।*

### रूसी धुन से बना आइकोनिक गाना

असल में डार्लिंग गाना सात समंदर पार से आया था। 'डार्लिंग' गाना रूस का एक बेहद मशहूर और पारंपरिक लोक गीत है, जिसका नाम है 'कालिन्का' । कालिन्का को साल 1860 में रूसी संगीतकार और लोक-साहित्यकार इवान लारियोनोव ने लिखा था। रूस में यह गाना उतना ही लोकप्रिय और पवित्र माना जाता है, जितना भारत में संगीत सीखने के लिए 'सा रे गा मा' या कोई बहुत प्रसिद्ध लोकगीत। यह गाना अक्सर रूसी सेना के कॉयर द्वारा गाया जाता रहा है। आज भी वहां यह गाना अलग-अलग मौकों पर गाया जाता है। ऊषा उत्थुप ने इसी गाने की धुन को सोचा और फिर विशाल भारद्वाज के साथ मिलकर उन्होंने डार्लिंग जैसा कल्ट गाना बना दिया, जो कि ब्लॉकबस्टर रहा।

### कैसे बना डार्लिंग गाना?

दरअसल, उस दौरान ऊषा उत्थुप को ऐसे ही विशाल भारद्वाज ने अपनी फिल्म 7 खून माफ का ऑफर दिया और पूछा कि क्या वह एक्टिंग करना चाहेंगी। बाद में उन्होंने इस ऑफर को एक्सेप्ट कर लिया और इसके बाद सीधे ही फिल्म में ऊषा को मैगी का किरदार मिल गया। अब फिल्म '7 खून माफ' रस्किन बॉन्ड की कहानी 'सुजानाज सेवन हसबैंड्स' पर आधारित थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य किरदार में थीं और प्रियंका का किरदार सुजाना कुल 7 शादियां करती है और अपने पतियों को मार देती है। इसी में एक पति के किरदार का नाम अलेक्जेंडर होता है और वह रूसी होता है। इसी को लेकर ऊषा उत्थुप के दिमाग में एक रूसी धुन आती है और फिर विशाल भारद्वाज को यह बताती हैं तो इस पर विशाल उनसे एक गाना बनाने को कहते हैं।

## खबर संक्षेप

### अवैध देसी शराब की 12 बोतलों के साथ एक काबू

**हांसी।** बस स्टैंड पुलिस चौकी ने अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बड़सी गेट अंदर पीपल वाली गली निवासी गोपाल के रूप में हुई है। उप निरीक्षक जोगिंदर ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी गोपाल को काबू उसके कब्जे से 12 बोतल देशी शराब बरामद हुई। इस दौरान आरोपी पकड़ी गई शराब के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका।

### 15.18 ग्राम चिट्टा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए-वन ने 15.18 ग्राम चिट्टा/हेरोइन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भिवानी जिले के गांव रोहनात व हाल सांई कालोनी निवासी राकेश के रूप में हुई है। एएसआई सम्मत ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक साई कॉलोनी स्थित कब्रिस्तान के पास नशीला पदार्थ बेचने के उद्देश्य से खड़ा है। पुलिस को आता देखकर वहां खड़े एक युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से 15.18 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### अधिकारियों को कांग्रेस नेता ने किया सचेत

**हिसार।** किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित जगजीत शर्मा ने कहा है कि प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को लोकतंत्र की मर्यादा तथा संविधान की भावना के अनुरूप निष्पक्ष होकर अपने कर्तव्यों का निर्वाह करना चाहिए। यदि कोई अधिकारी सत्ता के दबाव में आकर विपक्षी दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं अथवा उनके परिवारों को निशाना बनाने का कार्य करेगा, तो जनता सब देख रही है और समय आने पर ऐसे अधिकारियों का पूरा हिसाब भी लिया जाएगा।

### योग दिवस पर नशे के खिलाफ अभियानः डीसी

**हांसी।** डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि 21 जून को मनाया जाने वाला 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस बार नशे पर प्रहार करेगा। योग के संदेश के साथ-साथ नशा मुक्ति को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग दिवस कार्यक्रम बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया जाए। डीसी ने बताया कि जिला स्तर के अलावा उप मंडल, ब्लॉक स्तर और प्रत्येक व्यायामशाला में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### बोर्ड चेयरमैन धोपड़ से मिला प्रतिनिधिमंडल

**बरवाला।** हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के नेतृत्व में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन एडवोकेट शंकर लाल धोपड़ का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के साथ पैटर्न तेलूराम रामायणवाला, प्रदेश सचिव प्रदीप पूनिया, भिवानी जिला प्रधान सतीश तंवर, ताराचंद बवानीखेड़ा, नरेश गोरा, प्रशांत तंवर, हांसी ग्रामीण प्रधान कुलदीप यादव, सुशील रंगा, पूर्व जिला प्रधान प्रदीप यादव व महावीर यादव, बीर सिंह, धर्मबीर, प्रदीप व दयानंद बाजल आदि मौजूद रहे।

### बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर एक जून से

**हांसी।** उपायुक्त एंव जिला बाल कल्याण परिषद् के अध्यक्ष राहुल नरवाल के निर्देश पर जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा बच्चों की रचनात्मक प्रतिभाओ को प्रोत्साहित करने एंव उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक जून से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में बच्चों को विभिन्न रचनात्मक एंव कौशल आधारित गतिविधियो का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि शिविर में डांस, मेहंदी, संगीत, सिलाई-कढाई, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा ड्राइंग पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का उद्देश्य बच्चो में आत्मविश्वास बढाना तथा उन्हे आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।

# भीषण गर्मी में बिजली कट से तंग डाटा मसूदपुर के ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**ग्रामीणों ने मसूदपुर बिजली घर पर जड़ा ताला ▸ 15 साल से लाइनमैन नहीं, खुद करनी पड़ती मरम्मत ▸ निर्बाध आपूर्ति की मांग को लेकर धरना**

हरिभूमि न्यूज ▸ हांसी

भीषण गर्मी में लगातार 15-15 घंटे के बिजली कट से परेशान डाटा और मसूदपुर गांव के ग्रामीणों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने मसूदपुर बिजली घर पर ताला जड़कर विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्य गेट के बाहर धरना देकर नारेबाजी की।

**15 साल से लाइनमैन नहीं, निजी खर्च पर मरम्मत :** गांव डाटा निवासी अमन ने बताया कि उनके गांव में पिछले करीब 15 वर्षों से लाइनमैन की नियुक्ति नहीं हुई है। बिजली लाइन में खराबी आने पर ग्रामीणों को निजी स्तर पर पैसे खर्च कर मरम्मत करवानी पड़ती है। कई बार शिकायत के बावजूद अधिकारी कर्मचारियों की कमी का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि भीषण गर्मी के बीच 15-15 घंटे तक बिजली काटी जा रही है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। पानी की किल्लत भी बढ़ गई है।



हांसी। मसूदपुर बिजली घर पर प्रदर्शन करते डाटा और मसूदपुर गांव के ग्रामीण।

### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

इसी के विरोध में दोनों गांवों के लोग एकजुट होकर बिजली घर पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द लाइनमैन की नियुक्ति और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन की सूचना पर बिजली निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों के साथ सहमति नहीं बन पाई। ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर बिजली घर के बाहर डटे हुए थे।

## दुकान में आग लगने से हजारों का सामान राख

हरिभूमि न्यूज ▸ आदमपुर

आदमपुर में क्रांति चौक के पास शुक्रवार अलसुबह एक हार्डवेयर की दुकान में आग लगी गई। इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। इस पर फायर ब्रिगेड गाड़ी मौके पर पहुंची और बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक हजारों का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार राकेश झासल क्रांतिमान चौक के पास हार्डवेयर की दुकान करता है। गुरुवार की रात जब वह दुकान बंद करके गया तो सब कुछ ठीकठाक था। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे पड़ोसी दुकानदारों ने उसकी दुकान से धुंआ निकलता देखा। इस पर उन्होंने तुरंत राकेश व फायर विभाग की सूचित किया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से दुकान में रखा सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया।



आग लगने से जली हुई हार्डवेयर की दुकान एवं बाहर खड़े लोग।

## आंधी से क्षतिग्रस्त लाइन ठीक करने के नाम पर अवैध वसूली

- जेई ने आरोपी को पकड़ कर वीडियो बना ली, उस पर की जाएगी कार्रवाई : एसडीओ

हरिभूमि न्यूज ▸ हांसी

एक तरफ जहां प्राकृतिक आपदा के समय सरकारी विभागों को जनसेवा के लिए तत्पर होना चाहिए, वहीं गांव गैबीपुर में बिजली निगम की एक शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। यहां आंधी व तूफ़ान के कारण बिजली व्यवस्था ठप्प हो गई है, लेकिन विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। गांव गैबीपुर निवासी नकुल कथूरिया समेत अनेक ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि एक दिन पूर्व गुरुवार को आए आंधी व तूफ़ान के कारण गांव गैबीपुर की बिजली लाइनें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे पूरे गांव में अंधेरा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने जब बिजली निगम से शिकायत की, तो निगम के कर्मचारी सीधे तौर पर काम करने के बजाय प्राइवेट आदमियों का सहारा ले रहे हैं। इन ग्रामीणों ने शिकायत की है कि बिजली निगम के जिम्मेदार अधिकारी खुद लाइन ठीक करने के बजाय एक प्राइवेट व्यक्ति को आगे कर रहे हैं, जो लाइन ठीक करने की एवज में खुलेआम 200 रुपये प्रति घर की मांग कर रहा है। सवाल यह है कि यदि बिजली का बिल ग्रामीण समय पर भरते हैं, तो फिर लाइन ठीक करने के लिए अलग से निजी व्यक्ति को पैसे क्यों दिए जाएं? क्या बिजली विभाग के पास अपने कर्मचारी नहीं हैं? या यह सब मिलीभगत से चल रहा भ्रष्टाचार है? गांव गैबीपुर के ग्रामीणों ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तो प्राकृतिक मार के कारण वे परेशान हैं, ऊपर से बिजली विभाग के अधिकारियों की यह गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### क्या कहते हैं एसडीओ

*जब इस बारे बिजली निगम के एसडीओ से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह मामला अभी-अभी संज्ञान में आया है। गांव गैबीपुर का ही कोई व्यक्ति है। बिजली निगम के जेई ने इसको पकड़ कर वीडियो बना ली है। उस पर कार्रवाई की जाएगी। बिजली निगम के कर्मचारी मेन लाइनों को ठीक करने में जुटे हुए हैं*

### परिवहन मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** रोडवेज के हिसार डिपो के कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सांझा संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 15वें दिन भी जारी रहा। अध्यक्षता संदीप जैनावास ने की जबकि संचालन सत्यवान सिवाच ने किया। राज्य कमेटी की ओर से सांझा मोर्चा ने हिसार डिपो कर्मचारियों के लंबित वित्तीय भत्तों एवं भुगतान संबंधी मुद्दों को लेकर परिवहन मंत्री के नाम महाप्रबंधक हिसार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों के ओवरटाइम भुगतान, एलटीसी, वर्ष 2018 के चालकों की एसीपी, मेडिकल बिल, वर्ष 2016 के चालकों की वर्ष 2020 से 2023 तथा 2024 से 2027 तक की एलटीसी, वार्षिक वेतन वृद्धि की मांग की गई।

### आर्म्स एक्ट मामले में मुख्य सप्लायर हिस्ट्रीशीटर काबू, आरोपी पर दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज

**हिसार।** 12 क्वार्टर चौकी पुलिस ने पीओ, बेलजंपर व हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आर्म्स एक्ट मामले में मुख्य सप्लायर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सूर्य नगर निवासी सुरजीत उर्फ जीतू के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राकेश ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि मामले का मुख्य सप्लायर क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और आरोपी सुरजीत उर्फ जीतू को क्षेत्र सेक्टर 1-4 से काबू कर लिया। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ और रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया है कि आरोपी हिस्ट्रीशीटर सुरजीत उर्फ जीतू एक शातिर किस्म का अपराधी है। उस पर पहले से ही जिले के विभिन्न थानों में हत्या प्रयास, लड़ाई झगड़ा व मारपीट, शस्त्र अधिनियम के अनेक मामले दर्ज हैं।



पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर सुरजीत उर्फ जीतू



हिसार। बैठक में यूनियन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### कर्मचारी 11 जून को करेंगे मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक यूनियन कार्यालय में जिला प्रधान सतबीर सुरलिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव राजेश नलवा ने किया। बैठक में यूनियन के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री रणबीर गंगवा के आवास के घेराव की तैयारियों पर चर्चा की गई। जिला प्रधान सतबीर सुरलिया ने बताया कि सरकार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है, जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। हरियाणा कर्मचारी महासंघ के जिला वरिष्ठ उप प्रधान मनीराम निनानिया ने सरकार से कर्मचारियों की लंबित मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की। बैठक में गुजवि प्रधान रामनिवास पाली, बरवाला ब्रांच प्रधान जय सिंह गिल, शहरी ब्रांच प्रधान सुरेश डाबला, वरिष्ठ उप प्रधान विनोद मैय्यड़, शहरी ब्रांच सचिव इन्द्राज फौजी, फौजी राजेश सिवाच, विनोद सातरोड़, राजकुमार बिश्नोई, ईश्वर डाबला व जिला वरिष्ठ उप प्रधान बृज लाल आदि भी उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन ठगी करने वाले 4 काबू

- होटल रेटिंग और पार्ट टाइम जॉब के नाम पर युवक से ठगे थे 1.53 लाख, 20 हजार बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸ हांसी

साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के एक मामले में मध्यप्रदेश से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मध्यप्रदेश के रतलाम निवासी कमल सिंह, कच्चरु, ईश्वर तथा अक्षय उर्फ छोटू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी अक्षय उर्फ छोटू के कब्जे से 20 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। एसआई प्रेम कुमार ने बताया कि थाना बास क्षेत्र निवासी मुकेश ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके टेलीग्राम नंबर पर पार्ट टाइम काम और अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर संपर्क किया गया। आरोपियों ने पहले होटल रेटिंग और ऑनलाइन टास्क पूरे करने के नाम पर उसे अपने जाल में फंसाया। शिकायतकर्ता को शुरुआती टास्क पूरे करने पर कुछ पैसे लौटाकर भरोसे में लिया गया। इसके बाद अधिक मुनाफे का लालच देकर अलग-अलग यूपीआई आईडी पर पैसे ट्रांसफर करवाए गए। आरोपियों ने शिकायतकर्ता से अलग-अलग किश्तों में कुल 1 लाख 53 हजार रुपये की धोखाधड़ी की।



हांसी। साइबर ठगी करने वाले चार आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### मध्य प्रदेश से पकड़ा

*शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना हांसी पुलिस ने जांच करते हुए तकनीकी जांच, बैंक खातों और डिजिटल ट्रांजैक्शन की गहन पड़ताल करते हुए आरोपियों की पहचान की तथा मध्यप्रदेश में दबिश देकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में शामिल अन्य लोगों और ठगी के नेटवर्क के संबंध में भी जांच जारी है।*

## नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

*दुकानदारों का सामान किया जब्त*

हरिभूमि न्यूज ▸ हिसार

शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार अभियान निरंतर जारी है। शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने रेलवे स्टेशन रोड से अभियान की शुरुआत करते हुए सड़क से अतिक्रमण को हटाया। इसके बाद पोस्ट ऑफिस के सामने और परिजात चौक क्षेत्र में कार्रवाई की गई, जहां से दुकानदारों का सामान जब्त किया गया। इसके साथ ही टीम ने परिजात चौक पर सड़क पर रखे जरनेटर का उठाने को कहा। दुकानदारों जरनेटर उठाए भी गए। टीम ने राजगुरु मार्केट में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ आठ दुकानदारों का सामान जब्त किया। इसके साथ ही सीएम विंडो पर मिली शिकायत कार्रवाई करते हुए टीम ने जिंदल चौक पर दुकानों के बाहर बरामदों से अतिक्रमण हटाया। इसके बाद टीम ने कैंट मार्केट देवीलाल की मिली सीएम विंडो की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

### सड़क पर कूड़ा फेंकने वाले 5 रेहड़ी संचालकों के कटे चालान

- डीसी के निर्देश पर नगर परिषद की सख्ती
- बड़सी गेट से विश्वकर्मा चौक तक चला विशेष अभियान

**हांसी।** स्वच्छता को लेकर नगर परिषद की सख्ती तीसरे दिन भी जारी रही। शुक्रवार को नगर परिषद की टीम ने सड़कों पर गन्ने का कचरा फेंकने वाले 5 रेहड़ी संचालकों के चालान काटे। ये संचालक गन्ने का जूस निकालने के बाद बचा कचरा सड़क किनारे डालकर सार्वजनिक स्थानों को दूषित कर रहे थे। नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर जूस विक्रेता गन्ने का बचा हुआ कचरा सड़क किनारे फेंक रहे थे। इससे गंदगी फैलने के साथ आमजन को भी परेशानी हो रही थी। टीम ने मौके पर चेतावनी देते हुए चालान किए और भविष्य में दोबारा गंदगी फैलाने पर और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

#### चार प्रमुख मार्गों पर चला व्यापक सफाई अभियान

इसके अतिरिक्त नगर परिषद ने दोपहर बाद शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया। अभियान के तहत बड़सी गेट से अंबेडकर चौक, त्रिकोण पार्क से उमरा गेट, जाट धर्मशाला से उमरा गेट तथा उमरा गेट से विश्वकर्मा चौक तक व्यापक सफाई की गई। सफाई कर्मचारियों ने सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों से कचरा उठाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया।



हांसी। मीटिंग में किसानों के साथ बातचीत करते मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र लोचब।

### हाईटेंशन लाइनों से प्रभावित किसानों के साथ की बैठक

**हांसी।** भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र लोचब ने शुक्रवार को जाट धर्मशाला में हाईटेंशन बिजली लाइनों से प्रभावित किसानों के साथ विशेष बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को विस्तार से सुना तथा उनकी मांगों और परेशानियों पर चर्चा की। बैठक में किसानों ने हाईटेंशन बिजली लाइनों से होने वाली दिक्कतों, मुआवजे और अन्य संबंधित समस्याओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष रखा। इस दौरान सत्येंद्र लोचब ने किसानों को आश्वस्त किया कि संगठन उनकी आवाज को सरकार और प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाने का कार्य करेगा। किसानों को संबोधित करते हुए सत्येंद्र लोचब ने कहा कि किसानों को अपनी जायज मांगों के लिए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करता है तो सभी किसानों को एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। बैठक में क्षेत्र के अनेक गांवों से किसान बड़ी संख्या में पहुंचे। इनमें मुख्य रूप से कुंवारी, सुल्तानपुर, धामाना, समैण, भाटला, सिसई तथा नारनौंद क्षेत्र के आसपास के गांवों के किसान शामिल रहे। इस अवसर पर किसान नेता राजेश, राकेश, दलबीर, प्रदीप सहित अनेक किसानों ने बैठक में लेकर अपनी समस्याएं और सुझाव रखे।

## न्यूज डायरी

### बीबीबी पब्लिक स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग सत्र



**हांसी।** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से तनावमुक्त जीवन एवं मानसिक शांति विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को मानसिक तनाव से मुक्ति, सकारात्मक सोच तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक करना रहा। इस विशेष सत्र का आयोजन गौरव मिगलानी की ओर से किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को ध्यान, योग और प्राणायाम के माध्यम से मानसिक संतुलन बनाए रखने तथा दैनिक जीवन में तनाव को कम करने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।

### शिक्षकों को दिया सकारात्मक जीवन का संदेश

**उकलाना।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तनाव प्रबंधन पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका संचालन प्रसिद्ध प्रशिक्षक शालू कटारिया द्वारा किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तनाव प्रबंधन से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यशाला के दौरान शालू कटारिया ने शिक्षकों को तनाव के कारण, उसके दुष्प्रभाव तथा उससे बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय निदेशक डॉ. सतीश भारती ने अपने संदेश में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों पर पढ़ाई, परीक्षा और भविष्य को लेकर मानसिक दबाव लगातार बढ़ रहा है।



### उप-अधीक्षक बलवान सिंह को दी विदाई

**हिसार।** जिला कल्याण विभाग में अपनी 35 वर्ष 5 महीने सेवा के बाद उप-अधीक्षक बलवान सिंह शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर जिला कल्याण विभाग कार्यालय में एक विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर ने उनको शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय के अन्य कर्मचारी आंकड़ा सहायक बलराज वर्मा, सहायक सुरेश कुमार, संजय कुमार, कुमारी मधुबाला, सन्दीप, गोल्डी प्रसाद आदि ने बलवान सिंह के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किए।



### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों को दी विदाई

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। समारोह में आनरी निरीक्षक धर्मपाल, उप निरीक्षक दलवीर सिंह तथा उप निरीक्षक जयवीर सिंह को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान डीएसपी विनोद शंकर, डीएसपी रविन्द्र सांगवान, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



### सीएसआई राजकुमार हुए सेवानिवृत्त

**हिसार।** नगर निगम के मुख्य सभागार में सीएसआई राजकुमार के सेवानिवृत्त पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेयर प्रवीण पोपली और निगमायुक्त नीरज ने की। कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और राजकुमार के परिवारजनों ने भाग लेकर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन जयबीर डूडी, एक्सईएन अमित कौशिक, एमई सुनील लांबा, सचिव संजय शर्मा, कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### गुजवि के दो कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से दो कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं। इनके सम्मान में कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों में सेनीटरी इंस्पेक्टर सतीश कुमार व लैब टेक्नीशियन सतीश कुमार शामिल हैं। इस अवसर पर प्रो. सतबीर मोर, चरणदास अठवाल, हरीश चावला व प्रेमसुख आदि भी मौजूद रहे।

### एचएसईबी वर्कर यूनियन के चेयरमैन शर्मा सेवानिवृत्त

**बरवाला।** राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट खेदड के प्रांगण में एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के द्वारा यूनिट चेयरमैन बी.बी. शर्मा की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उन्हें खेदड़ यूनिट की तरफ से पगड़ी पहनाकर और विशेष स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय परिषद में उपप्रधान व यूनिट सर्कल सचिव दलजीत पंघाल, राजवीर सोनी, सुरेश सैनी, शिव कुमार, सत्यवान खटकड़, कृष्ण नैन, दीपक सहरावत, दीपक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

### कालीरामण खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष के भाई का निधन, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने जताया शोक



रणबीर सिंह( फाइल फोटो )

**नारनौंद।** गांव भैणी अमीरपुर निवासी कालीरामण खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मबीर कालीरामण के बड़े भाई रणबीर कालीरामण का शुक्रवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन पर अनेक समाजसेवी, संगठन और राजनेताओं ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि उनके निधन से परिवार एवं समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। कालीरामण खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मबीर कालीरामण भैणी अमीरपुर ने बताया कि 53 वर्षीय उनके बड़े भाई रणबीर सिंह गुरुवार की रात को ठीक प्रकार से सोए थे। शुक्रवार की सुबह उठकर खेत में बने फार्म हाउस में घूम रहे थे कि अचानक से सीने में दर्द हो गया और वहीं गिर गए। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया वहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया। उनका अंतिम संस्कार गांव में किया गया। उनके निधन पर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, सांसद जयप्रकाश, विधायक जस्सी पेटवाड़, उमेद लोहान सहित अनेक राजनेताओं और समाजसेवी संगठन के लोगों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

### शिक्षकों की सेवा नियमित करने के फैसले का स्वागत



चंद्रप्रकाश, विधायक।

**हिसार।** प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में लगभग दो दशक से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को नियमितीकरण नीति के तहत सेवाएं नियमित करने के हाईकोर्ट के फैसले का प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन व आदमपुर विधायक चंद्रप्रकाश ने स्वागत किया है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट भी तत्कालीन हुड्डा सरकार की नियमितीकरण की नीति पर मोहर लगा चुकी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा वर्ष 2014 में बनाई गई नियमितीकरण नीति के आधार पर ही अतिथि शिक्षकों को राहत मिली है और इन शिक्षकों के परिवारों में उत्सव का माहौल है।

### इनेलो प्रदेशभर में एक जून को करेगा प्रदर्शन



दलबीर किरमारा।

**हिसार।** पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की लगातार बढ़ती कीमतों और कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ इनेलो ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस जनविरोधी नीति के विरोध में इनेलो एक जून को पूरे हरियाणा में जिला मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के निर्देशानुसार होने वाले इन प्रदर्शनों को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने कहा कि आज देश और प्रदेश का हर वर्ग महंगाई की मार से त्रस्त है।

## खबर संक्षेप

### राम रहीम को पैरोल दिए जाने पर जताई आपत्ति

**हिसार।** जनवादी महिला समिति की राज्य कमेटी ने बलात्कार एवं हत्या के जघन्य अपराध में सजायाफ्ता गुरमीत राम रहीम को बार-बार पैरोल दिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। समिति ने उनकी पैरोल को रद्द करते हुए उन्हें वापस जेल भेजने की मांग की है। जनवादी महिला समिति हिसार की प्रधान बिद्या व सचिव बबली लांबा ने कहा कि बलात्कार और यौन शोषण जैसे जघन्य अपराधों के दोषी गुरमीत राम रहीम को अब तक कुल 16 बार पैरोल मिल चुकी है। हाल ही में उन्हें 30 दिनों की पैरोल दी गई है। अब तक गुरमीत राम रहीम 20 साल के सजा के दौरान 435 दिन से अधिक दिन जेल से बाहर रहा है। एक गंभीर यौन अपराधी का बार-बार जेल से बाहर आना पीड़ितों और न्यायपालिका का सीधा उपहास है।

### अनिल जांगड़ा बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**आदमपुर।** गांव कोहली के मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भूगोल प्रवक्ता अनिल जांगड़ा का सहायक प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ और इन्होंने नेशनल कॉलेज सिरसा में पदभार ग्रहण किया। कोहली विद्यालय में प्रवक्ता पद से पहले अनिल पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे इन्होंने लग्न और मेहनत के फलस्वरूप आज तीसरी सरकारी नौकरी प्राप्त की। कोहली विद्यालय प्राचार्य जगदीप लोहान व संपूर्ण विद्यालय परिवार ने ढेर सारी शुभकामनाओं सहित अनिल जांगड़ा को सिरसा ज्वाइन करवाया।

### वृद्धाश्रम का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम की चौधरीवास में नई शाखा आचार्य श्री विद्यासमयशरणम्मोक्ष वृद्धाश्रम का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। पहली मंजिल का निर्माण हो चुका है और अब दूसरी मंजिल की छत लगाने की तैयारी चल रही है। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि समाजसेवियों के सहयोग से निर्माण कार्य निर्बाध गति से चल रहा है। उन्होंने बताया कि आचार्य श्री विद्यासमयशरणम्मोक्ष वृद्धाश्रम सुरक्षित, हवादार व रोशनी से परिपूर्ण होगा। यहां पर दिनचर्या की सभी सुविधाओं की सहज ही उपलब्धता रहेगी।

### अलग-अलग मामलों में अवैध शराब सहित दो धरे

**हिसार।** पुलिस ने अलग अलग मामलों में दो आरोपियों को 35 बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सीआईए टीम ने गांव काजला में गश्त व चेकिंग के दौरान गांव में खेतों के रास्ते पर एक खोखे के पास प्लास्टिक के कट्टे में अवैध शराब सहित एक आरोपी को पकड़ा। उसकी पहचान मल्लापुर रोड काजला निवासी विनोद के रूप में हुई। तलाशी में उससे 23 बोतल देशी शराब ठेका मस्ती माल्टा बरामद हुई। दूसरे मामले में पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी काजलां गांव निवासी पवन कुमार को काबू करके उससे 12 बोतल अवैध नाजायज शराब बरामद की। दोनों पर केस दर्ज कर लिए गए हैं।

### बरवाला में 874 ग्राम गांजा सहित आरोपी काबू

**बरवाला।** पुलिस टीम ने एक नशा तस्कर को 874 ग्राम गांजा सहित मौके से काबू किया है। आरोपी की पहचान पाबड़ा निवासी कुलदीप के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पुलिस टीम निजी गाड़ी में गश्त व नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए बालक चौक पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर पाबड़ा निवासी कुलदीप को काबू किया गया। आरोपी के हाथ में मौजूद पॉलिथीन की तलाशी लेने पर उसमें से 874 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके उस पर केस दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

परिवाद समिति की बैठक में मंत्री अरविंद शर्मा ने दिए निर्देश

# मालिक को बुलाकर 15 दिन के अंदर समाधान करवाओ, नहीं माने तो एफआईआर दर्ज करो

## लाइनों की सफाई का कार्य पूरा होना चाहिए : सहकारिता मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा ने जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन सिर पर है, ऐसे में बरसात से पहले सभी सीवरेज लाइनों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाए। जिन क्षेत्रों में सीवरेज ब्लॉक की समस्याएं सामने आ रही है, वहां पर जनस्वास्थ्य विभाग के एसई खुद भी मौके पर जाएं और लोगों की समस्या का जड़मूल से समाधान करें। बैठक में आदमपुर तथा आजाद नगर क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासियों ने मंत्री के सामने सीवरेज समस्याएं रखी थी।



**हिसार।** जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक की अध्यक्षता कर नागरिकों की समस्या सुनते सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा।

मंत्री अरविंद शर्मा ने बैठक में रखे गए 16 में से 10 परिवादों का मौके पर समाधान कर दिया।

ढाई घंटे देरी से शुरू हुई बैठक करीब दो महीने बाद जनपरिवाद समिति की बैठक शुक्रवार को लघु सचिवालय के मुख्य सभागार में हुई। बैठक दोपहर बाद 3 बजे शुरू होनी थी, लेकिन पहली बार सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा करीब अढ़ाई घंटे की देरी से लोगों के फरियाद सुनने पहुंचे। मंत्री शर्मा के देरी से पहुंचने के कारण कुल 16 फरियादों में से करीब आधे तो अपनी शिकायत बिना रखे ही वापस चले गए।

### बिल्डर ने नहीं भरा पानी बिल, कटा कनेक्शन

सेक्टर-24 स्थित ग्लोबल स्पेस सोसाइटी के निवासियों ने शिकायत दी कि बिल्डर उनसे पानी का बिल वसूल रहा है, लेकिन विभाग में जमा नहीं करवा रहा। एक करोड़ रुपये से अधिक बकाया होने पर विभाग ने पानी का कनेक्शन काट दिया। इस पर मंत्री शर्मा ने एसपी को 15 दिन में समाधान करवाने और जरूरत पड़ने पर बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। वहीं, राज दरबार बिल्डकॉन पर प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं करवाने के मामले में भी संचालकों को अल्टीमेटम देने और समयसीमा में कार्रवाई नहीं होने पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए।

### हस्ताक्षर की जांच करवाने के निर्देश

शिकायतकर्ता रोहताश गुप्ता निवासी बरवाला द्वारा अवगत करवाया गया कि नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा मिलीभगत करके किसी अन्य व्यक्ति के नाम चढा दी है जोकि गलत है। पिछली बैठक में एक कमेटी गठित कर हस्ताक्षर की जांच करवाने के निर्देश दिए गए थे। कैबिनेट मंत्री ने अब इस मामले में पुलिस अधीक्षक को जांच करने के लिए कहा है। इसी प्रकार से ऐरन गोल्ड सुक प्रोजेक्ट की कथित अनियमितताओं संबंधी मामले में उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि वे एफएसएल की रिपोर्ट जल्द से जल्द पूरी करवाकर इस मामले की जांच करें।

### आरोपी सरपंच को बुलाकर पूछताछ करो

जिले के एक गांव निवासी एक महिला ने बैठक में बताया कि 4 अप्रैल की शनिवार की रात लगभग 11:30 बजे सरपंच ने घर में घुसकर मेरे साथ छेड़छाड़ की। अभियुक्त की वीडियो भी बना ली गई थी। लेकिन इस मामले में वे थाना सदर पहुंचे तो पुलिस कर्मचारियों ने हमारी बात को पूरी तरह नजर अंदाज कर दिया। हमारी शिकायत पर कार्रवाई करने की बजाय उल्टा हमारे विरूद्ध ही अपहरण की झूठी शिकायत दी गई। इस मामले में कैबिनेट मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि वे आरोपी सरपंच को बुलाकर पूछताछ करें।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार, उपायुक्त महेंद्र पाल, हिसार पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, मेयर प्रवीण पोपली, नगर निगम आयुक्त नीरज, अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, हिसार जिलाध्यक्ष डॉ आशा खेदड़, नगराधीश सुभाष चंद्र, जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना सहित संबंधित अधिकारी एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्य प्रवीण जैन, रणधीर धीरू, कृष्ण लाल रिणवा, राजेंद्र सपड़ा, संजीव रेवड़ी, अजय जांगड़ा, अरुण दत्त शर्मा, जोगीराम खुंडिया, अभिषेक शर्मा, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बस स्टैंड पुलिस चौकी ने दिखाई तत्परता

## भीड़भाड़ में बिछड़ी मासूम बच्ची सकुशल परिजनों से मिलवाया

**हिसार।** बस स्टैंड पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक रणजीत की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई के चलते एक मासूम बच्ची को सकुशल उसके परिजनों से मिलवाया गया। परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई का स्वागत किया है।



**हिसार।** बच्ची को परिजनों के हवाले करते पुलिस कर्मचारी।

एक महिला अपनी बच्ची और बहन के साथ एक प्राइवेट बस से राजस्थान के झुंझनु जिले के उदयपुरवाटी से बालसमंद अपने मायके में जा रही थी। बस में अत्यधिक भीड़ होने के कारण बच्ची अपनी माता से बिछड़ गई और अकेली बस स्टैंड पर रह गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्ची को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। पुलिस टीम ने संबंधित बस के कंडक्टर एवं अन्य व्यक्तियों से गहनता से बातचीत कर बच्ची के परिजनों की जानकारी जुटाई और मामा-मामी का पता लगाकर बच्ची को सौंप दिया।

## बाइक चोरी के दो घंटे में ही आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** सिसाय पुल चौकी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में महज दो घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली। आरोपी की पहचान समाधा कॉलोनी निवासी निहाल के रूप में हुई है। मामले की जानकारी देते हुए सिसाय पुल चौकी इंचार्ज एसआई रविकांत ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी की सूचना मिलते ही टीम ने तुरंत आसपास के क्षेत्र में जांच और तलाश अभियान चलाया। आरोपी निहाल को काबू कर उसके पास से चोरी किया गया मोटरसाइकिल बरामद लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने समाधा मंदिर में दर्शन के लिए आए एक श्रद्धालु की मंदिर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी की थी। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के बारे में भी जानकारी हासिल करने का प्रयास करेगी।

- हांसी पुलिस की त्वरित कार्रवाई

कल्लर भैणी बस अड्डा के पास कार्रवाई

## 4.494 किलो सुल्फा के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**हिसार।** अपराध शाखा बरवाला की टीम ने भारी मात्रा में सुल्फा के साथ दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान जींद जिले के दनौदा खुर्द निवासी जगरूप व राकेश के रूप में हुई। पुलिस रिकॉर्ड में पहले भी इन पर मादक पदार्थ तस्करी के केस दर्ज हैं। अपराध शाखा बरवाला के प्रभारी पीएसआई प्रदीप ने बताया कि जब पुलिस टीम गश्त के दौरान कल्लर भैणी बस अड्डा के पास मौजूद थी तो सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने उकलाना रोड, लितानी के पास सड़क किनारे खड़ी एक सफेद रंग की रिट्ज कार को घेरा और उसमें सवार दोनों युवकों को काबू किया। युवकों की पहचान जींद जिले के दनौदा खुर्द निवासी जगरूप व राकेश के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से चार किलो 494 ग्राम सुल्फा बरामद किया गया। पुलिस ने रिट्ज गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है। जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी पेशेवर नशा तस्कर हैं। इससे पहले भी आरोपी जगरूप और राकेश एक साथ मादक पदार्थ तस्करी के मामले में पुलिस द्वारा रंगे हाथों काबू किए जा चुके हैं।

- तस्करों पर उकलाना थाना में पहले से दर्ज हैं केस

शहर प्यासा, राइस मिल में अवैध जल सप्लाई

## कांग्रेस नेता मनोज राठी ने राइस मिल पर लगाए पानी चोरी के आरोप

- कार्रवाई नहीं हुई तो शहरवासियों को साथ ले किया जाएगा जनआंदोलन

**हांसी।** शहर में लगातार गहराते पेयजल संकट के बीच कांग्रेस नेता मनोज राठी ने जींद चुंगी स्थित एक राइस मिल पर वर्षों से कथित रूप से अवैध पानी चोरी करने के आरोप लगाए हैं। शुक्रवार को विश्रामगृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने दावा किया कि शहरवासियों के हिस्से का पीने का पानी लंबे समय से राइस मिल में अवैध रूप से इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि आम जनता बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनोज राठी ने कहा कि राइस मिल ने मुख्य पेयजल पाइप लाइन से कथित तौर पर तीन-तीन इंच की दो अलग-अलग पाइप लाइनें जोड़ रखी थीं। इन पाइप लाइनों के जरिए 24 घंटे पानी की सप्लाई सीधे राइस मिल तक पहुंचाई जा रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस मुख्य लाइन से यह कनेक्शन लिया गया है, उसी लाइन से शहर के हजारों घरों में पानी की आपूर्ति होती है। उन्होंने कहा कि यदि इन अवैध कनेक्शनों को बंद कर दिया जाए तो शहर के आधे हिस्से की पानी की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो जनआंदोलन किया जाएगा।



**हांसी।** पत्रकार वार्ता के दौरान कथित पानी चोरी से संबंधित फोटो दिखाते कांग्रेस नेता मनोज राठी।

## नारनौंद के जागरूक किसान कुलदीप को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**नारनौंद।** क्षेत्र के प्रगतिशील किसान कुलदीप सिंह आर्य को बागवानी एवं आधुनिक कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित 'एएसएम उद्यान रत्न अवार्ड-2026' से मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया है। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित लेफ्टिनेंट अमित सिंह मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से प्रदान किया गया। विशेष बात यह रही कि पूरे हरियाणा से केवल चार किसानों का इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन हुआ, जिनमें कुलदीप सिंह आर्य का नाम भी शामिल है। कुलदीप आर्य ने पानी को बचाने के लिए फसल चक्र को बदला क्योंकि इस क्षेत्र में धान की फसल की रोपाई की जाती है जिसमें पानी की ज्यादा खपत होती है। इसलिए अपने खेत में बागवानी की फसल उगाने का निर्णय लिया ताकि इनकम को भी बढ़ाया जाए। किसान कुलदीप ने 10 एकड़ में नींबू, किन्नू और अमरूद जैसी फसलों की आधुनिक एवं बहुफसली खेती अपनाकर एक सफल मॉडल स्थापित किया है। उन्होंने हाई डेंसिटी प्लांटेशन, फर्टिगेशन तथा इंटरक्रॉपिंग जैसी उन्नत तकनीकों के माध्यम से उत्पादन और आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। उनकी खेती को बागवानी विभाग द्वारा प्रशिक्षण एवं प्रेरणा मॉडल के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। इस राष्ट्रीय सम्मान समारोह में देशभर से किसान, कृषि वैज्ञानिक एवं बागवानी क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हुए।

## 4 से 7 तक होने वाले शिविरों की तैयारियां जोर-शोर से शुरू

**हिसार।** बच्चों के आंतरिक विकास एवं एकाग्रता बढ़ाने के लिए सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में 4 से 7 जून तक मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में बच्चों को मड प्ले, पार्क प्ले, रेन डांस, रोप एक्टिविटी, पेंटिंग, सिंगिंग व झूले झूलने का अवसर मिलेगा। इससे भी बढ़कर बच्चों को खेल-खेल में मेडिटेशन का महत्व भी समझाया जाएगा। इसके साथ ही परिजनों व साधकों के लिए 4 से 7 जून तक शांति जागरूकता ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। दोनों शिविरों के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि ओशो ध्यान उपवन के प्राकृतिक वातावरण में आयोजित होने वाले दोनों शिविरों में विभिन्न राज्यों से बच्चे, परिजन व साधक बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

## बुजुर्ग किसान से धोखाधड़ी करने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक वेदपाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी न्योली कलां निवासी सुरेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में स्याहड़वा निवासी 75 वर्षीय किसान अर्जन ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार वह एक अनपढ़ सीनियर सिटीजन हैं और उसकी आंखों की रोशनी भी बहुत कमजोर है। आरोपी सुरेंद्र शर्मा ने पीड़ित की लाचारी और अनपढ़ता का फायदा उठाते हुए उनके साथ एक गंभीर धोखाधड़ी कर डाली। शिकायत के अनुसार आरोपी ने जूस व अन्य पेय पदार्थ का प्लांट माइस्यूर लाइफ साइंस प्रा. लि. मॉडल टाउन हिसार लगाने के बहाने पीड़ित से 15 वर्ष के लिए जमीन लीज पर देने का आग्रह किया था लेकिन धोखे से, बिना सहमति के और बिना पढ़कर सुनाए, 15 वर्ष के बजाय 30 वर्ष का पट्टा नामा तैयार करवाकर बुजुर्ग का अंगूठा लगवा लिया। आरोपी ने उक्त लीज डीड के आधार पर पीड़ित की कुल 10 कनाल 11 मरले कृषि भूमि को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेक्टर 14 हिसार शाखा में बिना उनकी सहमति और जानकारी के गिरवी रख दिया और कंपनी के जरिए लोन उठाकर निजी फायदा कमाया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी सुरेंद्र कुमार अदालत में पेश कर एक दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।



पकड़ा गया बुजुर्ग से धोखाधड़ी का आरोपी।

- अदालत ने आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

## पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के प्रयासों से सालों पुराने रास्ते होंगे पक्के : शमशेर मोर

**नारनौंद।** हांसी जिले के गांव बास क्षेत्र के गांवों में पिछले काफी सालों से एक गांव से दूसरे गांव से जोड़ने वाले रास्ते कच्चे पड़े थे। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के प्रयासों से करीब छह करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से इन गांवों के रास्ते पक्के करवाएं जाएंगे। यह बात मार्केट कमेटी बास के चेयरमैन शमशेर मोर ने पत्रकारों से बातचीत में कही। गांव बास, भकलाना, सीसर, खरबला, नारनौंद, माजरा गावों को आपस में जोड़ने वाले कच्चे रास्ते थे। इन गांवों में जाने के लिए राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी। बास और नारनौंद मार्केट कमेटी के तरफ से मार्केटिंग बोर्ड को पत्र लिखा गया था। उसके बाद एस्टीमेट बनाया ओर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के प्रयासों से गांव बास से भकलाना करीब पांच किलोमीटर दो करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। गांव बास से बडाला करीब चार किमी रास्ता एक करोड़ 80 लाख रुपये, गांव खरबला से सीसर करीब डेढ़ किलोमीटर 80 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा। नारनौंद से माजरा करीब चार किलोमीटर दो करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। मार्केटिंग बोर्ड की तरफ से 18 मई को मंजूरी मिल चुकी हैं। जल्द टेंडर लगाकर काम शुरू करवा दिया जाएगा। इसके लिए सभी ग्रामीणों ने कैप्टन अभिमन्यु का आभार जताया है।



शमशेर मोर, चेयरमैन, मार्केट कमेटी बास।

- करीब छह करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने वाले रास्ते होंगे पक्के

## दयानंद कॉलेज के छात्रों ने सहायक प्रोफेसर बन बढ़ाया मान



**हिसार।** दयानंद कॉलेज के भूगोल विभाग के छात्रों ने सहायक प्रोफेसर के रूप में चयन पाकर डीएवी परिवार को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक पद के लिए चयन छात्रों के समर्पण और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। अपने छात्रों को इस मुकाम पर देखना हमारे लिए गर्व का क्षण है। भूगोल विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि कॉलेज के छात्र वकील, योगेश, सचिन, दिव्या और निशा ने एचपीएससी द्वारा आयोजित दो चरणों की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण की और साक्षात्कार के बाद सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त हुए।

## आर्ट ऑफ लिविंग सुदर्शन क्रिया का फ़ॉलोअप कल

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग हिसार इकाई द्वारा 31 मई को सुबह साधकों को आध्यात्मिक पथ पर आरूढ़ रखने के लिए योग, ध्यान तथा गुरु-ज्ञान जैसे दिव्य गुणों से सुसज्जित परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की पवित्र वाणी में दिव्य-सुदर्शन क्रिया फ़ॉलोअप का आयोजन किया जाएगा। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि रविवार का सत्र दो स्थान भारत माता मंदिर एवं आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर सेक्टर-14 में आयोजित किया जाएगा। इसका संचालन विजय शर्मा एवं डॉ. उमेश आर्य करेंगे।

जीजेयू में तंत्रिका विकास विकारों पर कार्यशाला शुरू

## आटिज्म, लर्निंग और विकासात्मक विकारों पर जताई चिंता : प्रो. बिश्नोई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि तंत्रिका विकास संबंधी विकारों जैसे आटिज्म, लर्निंग डिसेबिलिटी, इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी तथा अन्य व्यवहारिक एवं विकासात्मक चुनौतियां आज विश्वभर में गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही हैं। लगभग प्रत्येक समाज और प्रत्येक परिवार किसी न किसी रूप में इन चुनौतियों को अनुभव कर रहा है। ऐसे समय में प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स, संवेदनशील काउंसलर्स और समर्पित थेरेपिस्टस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग एवं एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट के सौजन्य से 'आरपीडब्ल्यूडी एक्ट, 2016 के अनुसार तंत्रिका विकास संबंधी विकार' विषय पर शुरू हुई हिसार की प्रथम तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा (सीआरई) कार्यशाला के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा व दिव्यांग एक अधिकार पुनर्वास ट्रस्ट, हिसार के निदेशक राजपाल सिंह बासनीवाल उपस्थित रहे।

- प्रशिक्षित काउंसलर्स और थेरेपिस्ट की भूमिका को बताया महत्वपूर्ण



**हिसार।** तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

### स्वयं को समय के अनुसार अपडेट रखना अत्यंत आवश्यक

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि किसी भी बच्चे की मानसिक चुनौती केवल एक क्लिनिकल विषय नहीं होता, वह पूरे परिवार की भावनाओं, आशाओं और भविष्य से जुड़ा होता है। ऐसे में सही समय पर उचित मार्गदर्शन, वैज्ञानिक समझ और संवेदनशील सहयोग उस बच्चे के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। किसी भी क्षेत्र में निरंतर सीखना और स्वयं को समय के अनुसार अपडेट रखना अत्यंत आवश्यक होता है। कार्यशाला के समन्वयक राजपाल सिंह बासनीवाल ने कहा कि न्यूरोडेवलपमेंटल विकारों से प्रभावित बच्चों के जीवन को बेहतर बनाना तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। विभागाध्यक्ष डॉ. संजय परमार ने अपने स्वागत संबोधन में कुलपति के निरंतर सहयोग पर अभार व्यक्त किया।

## सोशल मीडिया पर अपराध को बढ़ावा देने वालों पर सख्त कार्रवाई

**हिसार।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपराधियों की गतिविधियों एवं उनके प्रचार-प्रसार पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में अपराध शाखा प्रथम की ओर से इंस्टाग्राम पर अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों को फॉलो कर उनके प्रभाव को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई गई। सहायक उप निरीक्षक एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल के प्रभारी अमरेंदर बताया कि इंस्टाग्राम आईडी @dineshpoonia0009 के धारक को फॉलो करने वाले अन्य चार व्यक्तियों को शुक्रवार को अपराध शाखा प्रथम में बुलाया गया। उक्त व्यक्तियों द्वारा अपनी इंस्टाग्राम आईडी से संबंधित आईडी को अनफॉलो कर ब्लॉक कर दिया गया है। सभी के बयान दर्ज कर उनकी आईडी संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। उक्त फॉलोवर हिसार, जींद, भिवानी तथा आसपास के क्षेत्रों से उपस्थित हुए थे।

## चौ. चरण सिंह विलक्षण प्रतिभाओं के धनी थे : पवन कुमार



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। साथ ही उनके दिखाए मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित भी किया। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि चौधरी चरण सिंह विलक्षण प्रतिभाओं के धनी थे। साथ ही वे एक ईमानदार, महान विचारक तथा किसान व कमेरा वर्ग के सच्चे हितैषी थे। यदि हम चौधरी चरण सिंह द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ईमानदारी व निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए किसानों की प्रगति में अपना योगदान देते हैं तो यह इस महान नेता के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा आदि मौजूद रहे।